(2) तेल कम्पनी के सुरक्षा कर्मियों द्वारा पैदल गश्त लगाना।

(3) स्थानीय पुलिस के साथ चल गश्त लगाना।

(4) चुने हुए आपराधिक क्षेत्रों में बुड़सवार पुलिस नियुक्त किया जाना।

(5) पाइप लाइनों की निगरानी हेतु हेलिकाप्टरों का उपयोग करना।

(6) सड़क क्रासिंग, रेल क्रासिंग आदि पर पाइपलाइनों की विशेष जांच करना।

महाराष्ट्र में एल. पी. जी. एजेंसियां

627. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में वर्तमान में एल. पी. जी. के उपभोक्ताओं तथा एल. पी. जी. की एजेन्सियों की शहरवार तथा कस्बे-वार संख्या कितनी है;

(ख) महाराष्ट्र के प्रत्येक महानगर, नगर तथा कस्बे में प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत लोगों की संख्या कितनी है;

(ग) महाराष्ट्र में पिछले एक वर्ष के दौरान एल.पी.जी. की स्वीकृत एजेन्सियों की संख्या कितनी है तथा उन स्थानों का ब्यौरा क्या है जहां इन एजेन्सियों को स्वीकृति दी गई है तथा इन एजेंसियों के खोले जाने की प्रक्रिया के कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है; और

(घ) महाराष्ट्र में जिन-जिन स्थानों से नई गैस एजेन्सियों के खोले जाने की मांग की गई है उनके नाम क्या क्या हैं तथा क्या सरकार ने वहां उनको स्वीकृति देने के लिए कोई समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(घ) उत्पाद की कमी, व्यवहार्य स्तर से नीचे कार्य कर रहे वर्तमान वितरकों की बड़ी संख्या और नई एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटरशिप की स्वीकृति से पूर्व उठाये जाने वाले विभिन्न कदमों को देखते हुए स्वीकृति के लिए प्रस्तावित किये जाने वाले स्थानों और संख्या के बारे में बताना संभव नहीं है।

Second Gas Terminal at Uran Maharashtra

628. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state;

(a) whether it is a fact that the Maharashtra Government has asked the Central Government for a second Gas Terminal at Uran; and

(b) if so, what are the details thereof and what is Central Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA); (a) No such formal proposal appears to have been received.

(b) Does not arise.

Criteria for the distribution of High Speed Diesel

629. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to State:

(a) what is the criteria for distribution of High Speed Diesel;

(b) whether the normal increase in demand due to increase in number of vehicles and growth of economy is taken care of under this criteria; and

(c) what are the additional demands of Maharashtra about High Speed Diesel and the Central Governments reaction thereto?